बरेली, रविवार
9 फरवरी 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 6.00
पृष्ठ 20+4=24

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO. 06, TOP

मेडल पाकर टॉपर्स के खिले चेहरे

एसआरएमएस के कन्वोकेशन में टॉपर्स स्टूडेंट्स को दी गई तीन करोड़ रुपए स्कॉलरशिप

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

सम्मानित हुए संस्थान के टॉपर्स.

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति, एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नीकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ डॉ. विनय कुमार पाठक ने की.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (8 Feb): श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, का सैटरडे को उन्नीसवां दीक्षांत समारोह मनाया गया. दीक्षांत समारोह स्व. राममूर्ति के 110 वें जन्मदिवस के अवसर पर मनाया गया. जिसमें बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए, एमटेक एवं एम फॉर्मा बरेली और उन्नाव के 2018-19 में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को उपाधि, प्रशस्ति पत्र एवं पदक देकर सम्मानित किया गया.

सीनियर्स को दी विदाई

दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता कुलपति, एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नीकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ के डॉ. विनय कुमार पाठक ने की. कार्यक्रम में कमल सिंह, योगी श्रीराम मौजूद रहे. इस दौरान एसआरएम ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि आज का दिन बड़ा और यादगार है. आज न केवल आपके सपने सच हो रहे हैं बल्कि जिन लोगों ने आपके साथ सपने देखे हैं उनके भी सच हो रहे है.

सीनियर्स को दी विदाई

कोशिश करें कि समय को पकड़ कर रखें और उसके अनुसार चलें. महाविद्यालय के डीन एकेडिमिक्स डॉ. प्रभाकर गुप्ता ने सत्र 2018-19 वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया ट्रस्ट की तरफ से महाविद्यालयों के 739 मेधावी स्टूडेंट्स को 3 करोड़ धनराशि की छात्रवृत्ति दी गई.